PRINT

# नवोदय (Navodaya)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 135825 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 18.6 .2026 | पृष्ठ सं. (Page No.) 7 | क्रम सं. (Serial No.) 3 |

## CISF ने संभाली सफदरजंग एयरपोर्ट की कमान

नई दिल्ली, 17 जून (नवोदय टाइम्स): सीआईएसएफ ने औपचारिक रूप से सफदरजंग एयरपोर्ट की सुरक्षा कमान का जिम्मा ले लिया है। सीआईएसएफ 73वीं एविएशन सिक्योरिटी यूनिट बन चुकी है। एक भव्य कार्यक्रम में विनीता ठाकुर, एडीजी (एपीएस), सेंथिल ए कृष्णराज, आईजी (एपीएस-वन), बाबूराम, डीआईजी/सीएएसओ एयरपोर्ट, धीरज शुक्ला, डीआईजी एयरपोर्ट नॉर्थ जोन और स्थानीय पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित किया गया।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया का प्रतिनिधित्व सफदरजंग एयरपोर्ट



### 73वीं एविएशन सिक्योरिटी यूनिट बनी

के एयरपोर्ट डायरेक्टर केसी मीना ने किया। समारोह की शुरुआत विनीता ठाकुर को गार्ड ऑफ ऑनर देने और उसके बाद पारंपरिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ हुई।

कमान के औपचारिक हस्तांतरण के तौर पर एडीजी (एपीएस) ने सीआईएसएफ का झंडा डीआईजी/सीएसीओ आईजीआई एयरपोर्ट और सफदरजंग एयरपोर्ट के सीएसीओ को औपचारिक रूप से सौंपा। इसके बाद एपीडी केसी मीना ने नए नियुक्त असिस्टेंट कमांडेंट बी एस मीना को औपचारिक चाबी सौंपी।

अधिकारियों ने बताया कि नॉन-शेड्यूल्ड एयरपोर्ट के तौर पर काम करने वाला यह सफदरजंग एयरपोर्ट रणनीतिक रूप से बहुत अहम है, क्योंकि यह दिल्ली में वीवीआईपीऔर वीआईपी हेलीकॉप्टर आवाजाही का मुख्य केंद्र है।